>

Title: Need to develop the Surya Mandir in Kushinagar district, Uttar Pradesh as a tourist place-laid.

श्री रमापति राम त्रिपाठी (देवरिया): कुशीनगर जनपद एक ओर जहां भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली होने के कारण दुनिया भर के बौद्ध श्रद्धालुओं के आस्था का केंद्र है तो वही मेरे संसदीय क्षेत्र देवरिया के अंतर्गत आने वाली विधानसभा क्षेत्र फाजिलनगर जो कुशीनगर जनपद का ही हिस्सा है जिसके अंतर्गत भगवान महावीर की महापरिनिर्वाण स्थली पावानगर में स्थित है और उसके साथ ही तुर्कपट्टी महुअवा में सूर्य उपासना का एक बड़ा केंद्र है । जैन समाज की गहरी आस्था पावानगर की माटी में है जिनकी मान्यता के अनुसार अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर ने यहां अपना निर्वाण प्राप्त किया था वही सनातन धर्मावलम्बियों के लिए भगवान सूर्य की उपासना उनकी सांस्कृतिक पहचान है । इस प्रतिमा के दर्शन के लिए देश के विभिन्न राज्यों के अलावा नेपाल, म्यामांर आदि से भी श्रद्धालु आते हैं ।

अतः मैं माननीय पर्यटन मंत्री जी से मांग करता हूँ कि फाजिलनगर में तुर्कपट्टी महुअवा में सूर्य स्थली उपासना मंदिर को पर्यटन विभाग द्वारा विकसित किया जाए जिससे कि यह पर्यटको के लिए एक आकर्षण का केन्द्र हो ।